हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार 8 अप्रैल 2026

11 स्कूली शिक्षा पर 'जनगणना' का साया पढ़ाई हुई ठप...

12 फतेहाबाद में अब तक 2960 किसानों के कटे गेट पास

खबर संक्षेप

अग्निवीर में चयनित उम्मीदवार 10 को करें रिपोर्ट

फतेहाबाद। मुख्यालय भर्ती कार्यालय, अंबाला द्वारा आयोजित भर्ती रैली में भाग लेने वाले अग्निवीर जनरल ड्यूटी (महिला सेना पुलिस) श्रेणी के चयनित उम्मीदवारों की सूची 7 अप्रैल को आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी गई है। सेना भर्ती कार्यालय, हिसार के भर्ती निदेशक ने चयनित उम्मीदवारों को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि चयनित उम्मीदवार 10 अप्रैल तक सुबह 10 बजे सेना भर्ती कार्यालय, हिसार में सभी मूल दस्तावेज के साथ पहुंचें। निर्धारित समय 10 बजे के बाद आने वाले उम्मीदवारों को गेट में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

खालसा कॉलेज में रक्त जांच शिविर आयोजित

रतिया। खालसा त्रिशताब्दी राजकीय महाविद्यालय रतिया में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नागरिक हस्पताल, रतिया से मनीष कुमार लैब टेक्नीशियन व गुलाब सिंह काउंसलर एचआईवी एड्स ने 50 से अधिक विद्यार्थियों के ब्लड सैम्पल की जांच की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ वीरेंद्र कुमार ने की। महाविद्यालय में रेड क्रॉस के प्रभारी प्रो. कृष्ण लाल ने बताया कि हर साल 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है।

श्री कृष्ण गोशाला कमेटी ने एसपी से की मुलाकात

रतिया। रतिया की श्री कृष्ण गौशाला कमेटी के प्रधान छिंदरपाल दानेवालिया के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल हिसार के एसपी सिद्धांत जैन से मिला और उन्हे नए जिले का कार्य पर संभालने पर बधाई दी। प्रधान छिंदरपाल ने जिला फतेहाबाद में उनके द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि एसपी सिद्धांत जैन के फतेहाबाद कार्यकाल के दौरान अपराधीकरण पर काफी हद तक अंकुश लगा था जिसके चलते क्षेत्रवासी उनके कार्यकाल को सदा याद रखेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें आशा है कि सिद्धांत जैन हिसार जिले में भी फतेहाबाद की तरह कार्य करके लोगों में पुलिस प्रशासन का रुतबा और बढ़ाएंगे। इस अवसर पर एडवोकेट प्रवीन

फसल बेचने आए किसान की जेब काटी

सिरसा। सिरसा की कपास मंडी में एक किसान की जेब काट ली गई। किसान मंडी में सरसों की फसल बेचने के लिए आया था। पुलिस को दी शिकायत में राम सिंह ने बताया कि वह नेजियाखेड़ा का रहने वाला है। वह सरसों की फसल बेचने के लिए कपास मंडी सिरसा में आया हुआ था। इस दौरान उसके पीछे-पीछे बाइक पर सवार दो युवक आ रहे थे। उसकी स्कूटी के पास बाइक लगाकर चलने लगे। बाइक पर पीछे बैठे लडक़ा उसके कुर्ते-पजामे की दाहिनी जेब फाड़ कर ले गया, जिसमें रखे पर्स में उसका आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर कार्ड व अन्य कागज व करीब 3400 रुपए थे। इसके बाद उसने उनका पीछा किया, परंतु वे हाथ नहीं आए।

महिला को घसीटकर पीटा कपड़े फाड़ने का आरोप

सिरसा। शहर के कंगनपुर रोड क्षेत्र में एक घर में घुसकर कुछ लोगों द्वारा हमला करने की घटना सामने आई है। पुलिस को दी शिकायत में सोहन लाल ने बताया कि वह शहर के कंगनपुरा रोड शिव नगर कॉलोनी का रहने वाला है और उसका कबाड़ का काम है। सोमवार रात तीन युवक कंगनपुर रोड शिव नगर निवासी सोहन लाल के घर में घुसे और गाली-गलौज करते हुए डंडों से पिटाई करनी शुरू कर दी। आरोप है कि इस दौरान हमलावरों ने सोहन लाल की पत्नी को घसीटा और उसके कपड़े भी फाड़ दिए।

पार्षदों की तीखी नोकझोंक, निजी आरोपों से सदन दो गुटों में बंटा

नप की बैठक बनी रणक्षेत्र, हंगामे में अटका 38 करोड़ का बजट

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

शहर के विकास का खाका तैयार करने के लिए बुलाई गई नगर परिषद की बजट बैठक मंगलवार को 'रणक्षेत्र' में तब्दील हो गई। विकास की धीमी रफ्तार, फाइलों में दबे प्रोजेक्ट्स और टेंडर प्रक्रिया में अपनों को फायदा पहुंचाने के आरोपों ने सदन का गुस्सा इस कदर बढ़ा दिया कि अधिकारियों के पसीने छूट गए। तीखी नोकझोंक, निजी आरोपों और हंगामे के बीच यह बैठक विकास पर चर्चा कम और सत्ता पक्ष-विपक्ष के बीच शक्ति प्रदर्शन ज्यादा नजर आई। इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 का 38 करोड़ का बजट पास किया जाना था। नाराज पार्षदों ने इतना हंगामा किया कि बजट पर चर्चा ही नहीं हुई। बैठक की अध्यक्षता नगरपरिषद अध्यक्ष राजेन्द्र खिची ने की। बैठक की सबसे चौंकाने वाली तस्वीर उस समय सामने आई जब पार्षद निर्मल सिवाच ने पारदर्शिता के दावों की धज्जियां उड़ा दीं। उन्होंने सीधे तौर पर पार्षद अनिल गर्ग को निशाने पर लेते हुए आरोप लगाया कि वे अपने ही कार्यों के टेंडर लगवाने की जोड़-तोड़ में लगे रहते हैं। इस आरोप के लगते ही सदन में भारी शोर-शराबा शुरू हो गया। अनिल गर्ग की मौजूदगी में लगे इन आरोपों ने पार्षदों को दो गुटों में बांट दिया और काफी देर तक सदन में मर्यादा की सीमाएं लांघी जाती रहीं। नगर परिषद के कार्यकारी अभियंता राकेश पूनिया का भी बैठक शुरू होने से पहले ट्रांसफर हो गया। राकेश पूनिया का डबवाली से नारनौल ट्रांसफर किया गया है। पूनिया को फतेहाबाद नगर परिषद का अतिरिक्त कार्यभार दिया था। इसके कारण भी पार्षद खफा थे और पहले बैठक में आने से ही इंकार कर दिया। सात पार्षद प्रधान राजेंद्र सिंह खिंची के कार्यालय में बैठे रहे।

फतेहाबाद। नगरपरिषद की बैठक में हंगामा करते गुस्साए पार्षद। फोटो: हरिभूमि

विकास के नाम पर खानापूर्ति से पार्षद खफा

शहर की बुनियादी सुविधाओं की बदहाली पर पार्षद मोहन लाल नारंग का दर्द छलक पड़ा। उन्होंने अधिकारियों को आड़े हाथों लेते हुए पूछा कि आखिर कब तक शहरवासी खुदी हुई सडक़ों और ओवरफ्लो होते नालों का दंश झेलेंगे। उन्होंने कहा, योजनाएं कागजों पर तो शुरू हो जाती हैं, लेकिन जमीन पर उनका वजूद नजर नहीं आता। जनता को जवाब देना भारी पड़ रहा है। इसी सुर में सुर मिलाते हुए पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र आहूजा ने भी कार्यप्रणाली पर असंतोष जताया। उन्होंने मॉनिटरिंग सिस्टम पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब तक देरी करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं होगी, तब तक शहर का उद्धार संभव नहीं है।

अधिकारी रहे बैकफुट पर, बजट चर्चा रही अधूरी

पूरे सत्र के दौरान अधिकारी पार्षदों के सवालों की बौछार से खुद को बचाते नजर आए। हर सवाल पर उनके पास 'प्रक्रिया चल रही है' जैसा रटा-रटाया जवाब था, जिससे पार्षदों का गुस्सा और ज्यादा भडक़ गया। भले ही अंत में बजट के कुछ प्रस्तावों को औपचारिक मंजूरी की दिशा में बढ़ाया गया, लेकिन इस बैठक ने नगर परिषद के भीतर चल रही खींचतान और विकास कार्यों की 'बीमार' स्थिति को पूरी तरह बेनकाब कर दिया। अब देखना यह होगा कि इस हंगामे के बाद क्या वाकई शहर की सडक़ों और प्रोजेक्ट्स की किस्मत बदलती है या फिर यह शोर सिर्फ अगले बजट तक के लिए शांत हुआ है।

मुख्य बिन्दू

हंगामा : 80 प्रतिशत समय केवल आरोप-प्रत्यारोप और शोर-शराबे में बीता।

निशाना : टेंडर प्रक्रिया और ठेकेदारों की कार्यशैली पर सबसे ज्यादा प्रहार हुए।

चेतावनी : पार्षदों ने साफ कर दिया कि अगर सुधार नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में परिषद के कामकाज को ठप कर दिया जाएगा।

ठेकेदारों की मनमानी और अधिकारियों की चुप्पी

पार्षद रमेश गिल्होत्रा ने ठेकेदारों और अधिकारियों के बीच कथित सांठगांठ पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने एक ठेकेदार द्वारा काम में बरती जा रही घोर लापरवाही का मुद्दा उठाते हुए पूछा कि घटिया सामग्री और देरी के बावजूद उन पर जुर्माना क्यों नहीं लगाया जा रहा। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अगर ठेकेदारों की मनमानी पर लगाम नहीं लगी, तो जनता का परिषद से भरोसा उठ जाएगा और वे सडक़ पर उतरने को मजबूर होंगे।

भूना। मकानों को गिराती जेसीबी मशीन। फोटो: हरिभूमि

न्यायालय के आदेश पर गांव दहमान में कार्रवाई

तालाब की जमीन पर बनाए गए 29 मकान किए ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

ग्राम पंचायत दहमान में गैर मुमकिन तालाब और शामलात भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने के लिए प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। न्यायालय के आदेश पर प्रशासनिक टीम ने दो जेसीबी चलाकर 29 कब्जाधारियों के मकानों को ध्वस्त कर जमीन खाली करवाई। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। मिली जानकारी के अनुसार, इस भूमि पर करीब 20 साल से अवैध कब्जे किए हुए थे। इस मामले में लगातार शिकायतें सामने आ रही थीं।

इयूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कार्रवाई

दहमान गांव में कब्जा हटाओ कार्रवाई इयूटी मजिस्ट्रेट असिस्टेंट प्रोफेसर छोटू राम के नेतृत्व में की गई। उनके साथ कानूनगो करनैल सिंह, ग्राम सचिव जगन और सरपंच प्रतिनिधि मदन यादव भी मौजूद रहे। प्रशासन ने पूरे अभियान को शांतिपूर्ण ढंग से पूरा किया और कानून व्यवस्था बनाए रखी।

चार परिवारों को कोर्ट से राहत, बाकी पर कार्रवाई

दहमान में कुल 33 कब्जाधारियों में से 4 लोगों सतवीर सिंह, साधु राम, अनूप सिंह और बलराज-को सिविल कोर्ट से स्टे मिला हुआ था। इस कारण प्रशासन ने इन चार परिवारों को छोडक़र शेष 29 कब्जों को हटाया। कुछ लोगों ने कार्रवाई से पहले ही स्वयं अपने कब्जे हटा लिए, जबकि बाकी के मकानों पर प्रशासन ने जेसीबी चलाकर उन्हें ध्वस्त कर दिया।

बार-बार दिए थे नोटिस

ग्राम पंचायत दहमान की ओर से कब्जाधारियों को कई बार नोटिस देकर जमीन खाली करने के निर्देश दिए गए थे। नोटिस पाने वालों में सुल्तान सिंह, बलवान सिंह, सुबे सिंह, ननिया राम, बारूराम, बलराज, सतवीर सिंह, दलबीर सिंह, वीरू, संदीप, सुरेंद्र, पप्पू, सतपाल, फतेह सिंह, सुरेश कुमार, महावीर, पुनीत, राजकुमार, प्रकाश, चांदीराम, रामधारी, साधु राम, अनूप सिंह, रामपाल सहित अन्य लोग शामिल थे।

■ जमीन को लेकर चल रहा था विवाद

अहमदपुर दारेवाला मर्डर केस में हत्यारोपी पुत्र गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली

उपमंडल के गांव अहमदपुर दारेवाला मर्डर केस में पुलिस ने आरोपी पुत्र राम सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। सदर थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार ने मंगलवार को बताया कि घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीआईए डबवाली व सदर थाना पुलिस की दो टीमों का गठन किया और पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पुत्र रामसिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मृतक जसवंत सिंह के दोहते गुरदास सिंह की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज किया था। गुरदास सिंह ने बताया कि वह अपने पिता की मृत्यु के बाद अपनी माता के साथ अपने नाना जसवंत सिंह के घर पर रहता है। जमीन को लेकर उसके मामा राम सिंह व नाना जसवंत सिंह के साथ विवाद चल रहा था। बीती 5 अप्रैल को आरोपी राम सिंह पीछे से अपनी जीप लेकर आया और उसके नाना जसवंत सिंह को टक्कर मार दी, जिससे उसके नाना के सिर, दोनों पैर व शरीर पर चोटें लगी। बठिंडा एम्स में ले जाते समय रास्ते में उसके नाना जसवंत की मौत हो गई।

सिरसा। पुलिस गिरफ्त में हत्यारोपी।

■ पुलिस ने चंद घंटों में सुलझाई गुत्थी

चोरी के बाद कैमरे के सामने 'सेल्यूट' ठोक माफी मांगने वाला युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

शहर की मोबाइल मार्केट में एक अनोखी चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला शातिर चोर पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। यह वही युवक है जिसने चोरी करने के बाद दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की ओर देखकर कान पकडक़र माफी मांगी थी और हाथ जोडक़र सैल्यूट ठोकते हुए फरार हो गया था। फतेहाबाद शहर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को महज कुछ ही घंटों के भीतर दबोच लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान प्रवीण उर्फ लॉरेंस निवासी आदमपुर, जिला हिसार के रूप में हुई है। पुलिस ने मंदिर में हुई एक अन्य चोरी के मामले को भी सुलझाते हुए एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए थाना शहर प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि लाजपत नगर निवासी प्रदीप कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि मोबाइल मार्केट स्थित उनकी दुकान ट्रेंड्स मोबाइल में रात को चोरी हुई है।

फतेहाबाद। चोरी के आरोप में पकड़े गए दोनों युवक। फोटो: हरिभूमि

मंदिर में चोरी करने वाला दूसरा आरोपी भी काबू

एक अन्य मामले में पुलिस ने मंदिर के दान पात्र से पैसे चुराने वाले आरोपी रोहित उर्फ पड़ा निवासी शक्ति नगर को गिरफ्तार किया है। शक्ति नगर निवासी रूप मालती की शिकायत पर पुलिस ने यह कार्रवाई की। आरोपी रोहित ने हनुमान मंदिर के दान पात्र का ताला तोडक़र करीब 2,000 रुपये चोरी किए थे। रोहित पर भी पहले से दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसएचओ सुरेंद्रा ने बताया कि दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा, ताकि उनसे शहर में हुई अन्य वारदातों के बारे में गहन पूछताछ की जा सके। चंद घंटों में दोनों मामलों का खुलासा करने वाली पुलिस टीम की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

100 से अधिक किशोरियों को लगाया एचपीवी का टीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए पूरी तरह सजग और सक्रिय है। इसी कड़ी में हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। डीसी डा. विवेक भारती ने कहा कि एचपीवी वायरस सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है और इससे बचाव के लिए टीकाकरण सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने अभिभावकों, शिक्षकों और आमजन से अपील की कि वे इस अभियान में बढ़-चढक़र भाग लें और पात्र बालिकाओं को टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 100 से अधिक किशोरियों को एचपीवी का टीका लगाया जा चुका है और सभी लाभार्थी पूर्णतः स्वस्थ हैं। टीकाकरण के बाद किसी भी प्रकार का गंभीर दुष्प्रभाव सामने नहीं आया है, जिससे यह स्पष्ट है कि यह टीका पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी है।

■ सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए प्रशासन पूरी तरह सक्रिय

संदिग्ध परिस्थितियों में हलवाई की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

नजदीकी गांव हमजापुर में एक 40 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान गोरा के रूप में हुई है, जो पेशे से हलवाई का काम करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, गोरा गत दिवस शाम को अपना काम खत्म करके घर लौट रहा था। शाम करीब 7:30 बजे परिजनों को सूचना मिली कि वह रतिया की छोटी नहर के पास बेसुध पड़ा हुआ है। मृतक के भाई मंगा ने बताया कि उनके परिचित बग्गा के पास फोन आया था कि गोरा नहर के पास बेहोश है। बग्गा ने तुरंत इसकी जानकारी परिवार को दी। परिजन आनन-फानन में उसे लेकर पहले एक निजी अस्पताल पहुंचे, लेकिन वहां स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने हाथ खड़े कर दिए। इसके बाद उसे रतिया के नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गोरा के साथ काम करने वाले राजकुमार ने बताया कि गोरा शाम करीब 6:30 बजे उसके पास से काम निपटाकर घर के लिए निकला था। उसके महज एक घंटे बाद ही उसकी मौत की खबर आ गई।

■ नहर के पास बेहोशी की हालत में मिला

रतिया। नागरिक अस्पताल में पहुंचे ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

फतेहाबाद में बीटेक छात्र से 1.55 लाख की साइबर ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

ऑनलाइन ट्रेडिंग के जरिए रातों-रात अमीर बनने का सपना एक छात्र पर भारी पड़ गया। फतेहाबाद जिले के टोहाना निवासी एक बीटेक छात्र से साइबर ठगों ने ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा दिलवाने का झांसा देकर 1 लाख 55 हजार 800 रुपये हड़प लिए। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी, जिसके बाद साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मंगलवार को अज्ञात ठगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में टोहाना निवासी सागर ने बताया कि वह मोहाली की सीजीसी यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई कर रहा है। वह पिछले करीब सात-आठ महीनों से ग्रो ट्रेडिंग ऐप के जरिए निवेश कर रहा था। 18 मार्च को उसके पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को ग्रो ट्रेडिंग कंपनी का रिसर्चर बताया और सागर को झांसे में लेते हुए कहा कि उसकी प्रोफाइल का स्कोर बहुत अच्छा है और कंपनी उसे बड़ा प्रॉफिट करवा सकती है।

■ ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर फंसाया

राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में चल रहे जनगणना प्रशिक्षण शिविर का किया निरीक्षण

अधिकारी-कर्मचारी जनगणना प्रक्रिया का बारीकी से लें प्रशिक्षण: नगराधीश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे जनगणना-2027 प्रशिक्षण शिविर का मंगलवार को नगराधीश अजय सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और प्रगणकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और जनगणना प्रक्रिया बारे जानकारी भी दी।

नगराधीश अजय सिंह ने बताया कि जनगणना के तहत हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग सेंस का कार्य 1 मई से 30 मई तक चलेगा। इससे पहले 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्व-जनगणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिसमें नागरिक स्वयं पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि यह कार्य व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न किया जाएगा, इसलिए अधिकारी व कर्मचारी जनगणना से जुड़े कार्य का प्रशिक्षण बेहतर तरीके से हर बारिकी को जानें।

■ हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग सेंस का कार्य 1 से 30 मई तक चलेगा।

सिरसा। जनगणना प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते नगराधीश। फोटो: हरिभूमि

नागरिक आई कार्ड जारी प्रगणक को ही जानकारी दें

उन्होंने बताया कि लगभग 700 से 800 की आबादी पर एक प्रगणक जाएगा, जबकि प्रत्येक 6 प्रगणकों पर एक सुपरवाइजर तैनात रहेगा। सुपरवाइजर संपूर्ण कार्य की निगरानी करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक प्रगणक को 22 अप्रैल तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक प्रगणक के पास आधिकारिक पहचान पत्र होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक प्रगणक को पहचान पत्र जारी किया जाएगा। बिना पहचान पत्र कोई भी प्रगणक जनगणना के लिए घर-घर नहीं जाएगा ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे केवल आई कार्ड जारी प्रगणक को ही जानकारी दें अन्य को ना दें और जनगणना प्रक्रिया के सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने में सहयोग करें। नगराधीश ने बताया कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि जनगणना प्रक्रिया के दौरान किसी भी नागरिक के मोबाइल पर ओटीपी नहीं आएगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन मलिक, चिमन भारतीय शिक्षाविद, प्रमोद कुमार, पंकज कुमार, जयकरण, रीतेंद्र पांडे आदि उपस्थित थे।

8 गांवों में नवनिर्मित गोशाला शेड का लोकार्पण आज

फतेहाबाद। जिले के विभिन्न गांवों में जिला परिषद द्वारा गोसेवा और संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए 8 अप्रैल को नवनिर्मित गोशाला शेडों का लोकार्पण 8 अप्रैल को किया जाएगा। यह कार्यक्रम स्वामी डॉ. सच्चिदानंद आचार्य, महंत लालासर साथरी के पावन सान्निध्य में संपन्न होगा। जिला परिषद फतेहाबाद द्वारा संचालित यह पहल ब्रह्मलीन स्वामी राजेन्द्रानंद की पावन प्रेरणा से शुरू की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य बेसहारा गोवंश को उचित आश्रय प्रदान करना और जिले में गौ-सेवा को बढ़ावा देना है। जिला परिषद की चेयरमैन एडवोकेट सुमन खिचड़ ने बताया कि समारोह के दौरान स्वामी जी एक ही दिन में 8 अलग-अलग स्थानों पर कार्यक्रमों की अध्यक्षता करेंगे। सुबह की शुरुआत 9 बजे भूथन कलां में आयोजित कार्यक्रम से होगी। इसके बाद 10:15 बजे भिरड़ाना गोशाला और 11:30 बजे भिरड़ाना धर्मशाला में कार्यक्रम होंगे। दोपहर 12:45 बजे गांव बिसला, 01:45 बजे धांगड़ और 3:45 बजे खाराखेड़ी में लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम का अंतिम चरण शाम 04:30 बजे चिंदड़ और शाम 05:30 बजे बड़ोपल में आयोजित किया जाएगा।



मटका किंग का ट्रेलर रिलीज दिखी 1960 के मुंबई की झलक

मुंबई। अभिनेता विजय वर्मा की आगामी वेब सीरीज 'मटका किंग' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इसमें एक कपास व्यापारी के 'मटका किंग' बनने के सफर को दिखाया गया है। दरअसल, मटका किंग से यहां आशय जुआ सरगना बनने से है। इस सीरीज में विजय के साथ कृतिका कामरा, साईं ताम्हणकर, गुलशन ग्रोवर और सिद्धार्थ जाधव जैसे सितारे भी हैं। यह सीरीज 17 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। सीरीज 'मटका किंग' में विजय ने ब्रिज भट्टी का रोल अदा किया है। ट्रेलर की शुरुआत में ब्रिज भट्टी को एक कपास के कामगार के रूप में दिखाया गया है। 1960 के दशक के बॉम्बे (अब मुंबई) की झलक है।

लाइफ Style

तृषा

अफवाहों का दिया जोरदार जवाब

एजेंसी ⏭ मुंबई

क्या साउथ एक्ट्रेस तृषा कृष्णन फिल्में छोड़कर एक अमीर बिजनेसमैन के साथ शादी करने वाली हैं। इसी को लेकर उन्होंने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है। तृषा कृष्णन बीते कई दिनों से सुर्खियों में हैं।

हाल ही में वे थलापति विजय के साथ चेन्नई में एक वेडिंग रिसेप्शन में शामिल हुईं थीं। इसके बाद से ही दोनों के डेटिंग की चर्चाएं चल रही हैं। इस बीच ये रिपोर्ट्स भी सामने आ रही थीं कि एक्ट्रेस अब फिल्में छोड़कर एक अमीर बिजनेसमैन के साथ शादी करने वाली हैं। जिसके बाद अब इन रिपोर्ट्स का रिसपॉन्स देते हुए तृषा ने एक पोस्ट शेयर किया है। तृषा कृष्णन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों पर जोरदार जवाब दिया है। खबरें आ रही थीं कि वो जल्द ही फिल्मों से रिटायर होने वाली हैं और नए प्रोजेक्ट्स साइन नहीं कर रहीं, लेकिन तृषा ने इन सबको पूरी तरह गलत बताया। तृषा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर तंज कसते हुए लिखा, 'सुना है मैंने फिल्में छोड़ दी हैं, किसी अमीर बिजनेसमैन से शादी कर ली है और 4 बच्चों की मां भी बन गई हूं, जो कल ही 2 साल के हो गए! कुछ और जोड़ना है या आज की सारी मनगढ़ंत कहानियां यहीं खत्म हो गईं?' इसका मतलब जो भी रिपोर्ट्स सामने आ रहीं थीं, वो सारी गलत थीं। बता दें कि बीते कुछ दिनों से विजय और तृषा के बीच रिलेशनशिप में होने की अफवाहें चल रही हैं। ये इस वजह से भी हो रहा है कि विजय की पत्नी संगीता ने उन्हें तलाक देने की बात कही थी और किसी एक्ट्रेस के साथ अवैध संबंध का जिक्र किया था।

हॉलीवुड मसाला

घिनौने व्यक्ति से मेरा कोई संबंध नहीं

लॉस एंजिल्स। 'एपस्टीन फाइल्स' से केवल जीजी हदीद ही नहीं, बल्कि उनकी बहन बेला हदीद का भी नाम जुड़ा है। जीजी हदीद ने अब इसपर खुलकर बातें की हैं। उन्होंने कहा, 'उन फाइलों में मेरा नाम होना... मुझे लगता है कि उस समय मेरी उम्र 20-21 साल रही थी जब उसने वह ईमेल लिखा होगा, यह बहुत परेशान करने वाला है। मैं साफ तौर पर कहना चाहती हूं कि मेरा उस घिनौने व्यक्ति से कभी कोई संबंध नहीं है।' जीजी ने नैतिकता पर बातें करते हुए कहा कि भले वो प्रिविलेज्ड लाइफ में पली हों, लेकिन उनके माता-पिता ने उन्हें स्ट्रॉन्ग वैल्यूज़ दिए हैं।

बीटीएस को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

लॉस एंजिल्स। बीटीएस ग्रुप लगातार मिल रही कामयाबी की वजह से चर्चा में है। पूरी दुनिया में नाम कमाने के बाद बीटीएस को उसी देश में सम्मानित किया जा रहा है, जहां से उनके सफर की शुरुआत हुई थी! इस ग्रुप को एरिरांग इंटरनेशनल ब्रॉडकास्टिंग की 30वीं वर्षगांठ के मौके पर मशहूर 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह सियोल में एरिरांग टीवी के मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मान कई मायनों में खास है। 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' का मकसद बीटीएस को इज्जत देना है। इस ग्रुप ने वह काम किया है जो किसी और बैंड ने नहीं किया है। ग्रुप ने अपने म्यूजिक के जरिए पूरी दुनिया में कोरियाई संस्कृति का प्रसार किया है। 2013 में अपने डेब्यू के बाद से, इस ग्रुप ने लगातार बाधाओं को तोड़ा है और के-पॉप कलाकारों के लिए उदाहरण पेश किया है। एरिरांग टीवी लंबे समय से कोरियाई मनोरंजन और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के बीच एक सेतु का काम करता रहा है।

कालीघाट मंदिर दर्शन करने पहुंचीं कंगना

मुंबई। मशहूर अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत कोलकाता पहुंचीं। इस दौरान वे कालीघाट काली मंदिर के दर्शन करने पहुंचीं। कंगना ने इस प्रसिद्ध मंदिर में महामाया मां काली का आशीर्वाद लिया और प्रार्थना की। उन्होंने मां काली के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की। पश्चिम बंगाल में इस महीने विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। पहले चरण के लिए 23 अप्रैल को मतदान होना है। दूसरे चरण में 29 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं, परिणाम 04 मई को आएगा। इससे पूर्व हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत कोलकाता पहुंचीं और मंदिर दर्शन किए। उनकी फोटोज सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। कंगना रनौत साड़ी पहनकर ट्रेडिशन लुक में नजर आईं। पिंक कलर की सिल्क साड़ी के साथ उन्होंने पारंपरिक गहनों से अपना लुक कंपलीट किया है।

आशा ने तब्बू को तोहफे में दिया गिटार...

मुंबई। मशहूर एक्ट्रेस तब्बू इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में इसका ट्रेलर रिलीज हुआ। इस बीच तब्बू अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में आ गई हैं। इसमें वे अपना गिफ्ट फ्लॉन्ट करती दिखी हैं, जो उन्हें दिग्गज गायिका आशा भोसले ने जन्मदिन के मौके पर दिया था। इसके साथ तब्बू ने एक नोट भी लिखा है। 'मुझे अपने सबसे यादगार दिनों के बारे में बताइए, मुझे उन पलों के बारे में बताइए जिन्हें आप कभी नहीं भूलेंगे। मुझे बताइए कि आपके दिल को सबसे ज्यादा क्या छू जाता है? मुझे अपनी सबसे कीमती चीजों के बारे में बताइए'। तब्बू ने आगे लिखा है, 'नवंबर में मेरा जन्मदिन था और तभी मेरे दरवाजे से होते हुए यह खूबसूरत चीज, यह गिटार मिला। यह तोहफा आशाजी ने मुझे दिया।

टीवी मसाला

दिशा को उसके मुकाम तक पहुंचने के लिए पिता ने छोड़ दी थी नौकरी

नई दिल्ली। दिशा वकानी पर इस वक्त दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। उन्होंने अपने पिता को हमेशा के लिए खो दिया है, जिन्होंने अपनी बिटिया को उसके मुकाम तक पहुंचाने में अपनी नौकरी तक छोड़ दी थी। दिशा वकानी के पिता भीम वकानी थिएटर आर्टिस्ट रहे हैं, जिन्होंने कई बड़े-बड़े कलाकारों के साथ काम भी किया है। भीम वकानी आमिर खान की फिल्म 'लगान' में भी नजर आनेवाले हैं। तमाम बड़े स्टार्स के साथ काम कर चुके भीम वकानी को इस बात की खुशी थी कि आज उनकी बेटी उनसे बड़ी स्टार बन गई हैं। भीम वकानी ने एक बार अपने इंटरव्यू में बेटी दिशा वकानी को लेकर काफी सारी बातें की थीं। उन्होंने एक बार मीडिया से बातचीत में बताया था कि बेटी का सपना पूरा करने के लिए उन्होंने अपनी नौकरी तक छोड़ दी और मुंबई आ गए। दिशा वकानी को एक्टिंग की दुनिया में लाने वाले कोई और नहीं बल्कि उनके पिता ही थे। कई साल पहले मीडिया से हुई बात में दिशा वकानी के पिता ने कहा था, 'ये सब करने में उसको बहुत टाइम लगा है। इसने ड्रामा, डिप्लोमा, डिग्री किया। ये बहुत छोटी थी तब से मेरे साथ इंटीरियर गांव में, आदिवासी गांवों में ये चार शो करने को आती थी। वहां से शुरू किया इसने ड्रामा, डिप्लोमा किया, डिग्री लिया और फिर मुंबई आई।' उन्होंने आगे कहा था, 'मुंबई में 10 साल ड्रामा वगैरह करते-करते ये यहां तक पहुंची है। इसकी चाहत थी कि मुझे मुंबई जाना है। इसलिए मैं नौकरी छोड़कर इसको यहां लाया। पहले लोग मेरे नाम से मेरी बेटी को पहचानते थे कि ये भीम वकानी की बेटी है। अभी उल्टा हो गया है कि ये दिशा वकानी के पापा हैं, मुझे इसका भी गर्व है। ये मेरी बेटी है, मेरे से भी आगे निकल गई है।'

दो साल बाद लौटेगा 'खतरों के खिलाड़ी'

नई दिल्ली। दो साल बाद रियलिटी शो 'खतरों के खिलाडी 15' की टीवी पर वापसी हो रही है। इस शो को एक्शन फिल्मों के लिए मशहूर रोहित शेट्टी होस्ट करते हैं। इस सीजन की तैयारियां जोरों पर हैं। सूत्रों के मुताबिक मई के दूसरे हफ्ते में होस्ट रोहित शेट्टी और कंटेस्टेंट्स केप टाउन, साउथ अफ्रीका के लिए रवाना हो सकते हैं। इस बार भी शो का शेड्यूल लंबा रखा गया है। पूरी शूटिंग करीब 50 दिनों में खत्म करने की प्लानिंग है। रोहित शेट्टी के शेड्यूल को लेकर भी साफ रणनीति बनाई जा रही है। सूत्र ने कहा, 'रोहित सर ने अपने कैलेंडर को इसी हिसाब से सेट किया है कि 'खतरों के खिलाड़ी' के लिए निकलने से पहले 'गोलमाल 5' का बड़ा हिस्सा शूट हो जाए। क्योंकि शो के दौरान वे पूरी तरह उसी प्रोजेक्ट में व्यस्त रहते हैं। वापस आने के बाद उनका फोकस सीधे फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन पर शिफ्ट होगा।



अरशद और नवाजुद्दीन की बेटियों ने चुराई लाइमलाइट

मुंबई। कभी-कभी सितारे नहीं, बल्कि उनके साथ आए लोग ही चुपचाप सबका ध्यान खींच लेते हैं, और ऐसा ही कुछ हाल ही में एक अवॉर्ड फंक्शन में देखने को मिला। एक्टर अरशद वारसी रविवार को अपनी बेटी जेने जो वारसी के साथ इस फंक्शन में शामिल हुए और देखते ही देखते वह शाम की सबसे चर्चित हस्तियों में से एक बन गईं। रेड कार्पेट से वीडियो ऑनलाइन वायरल होते ही लोगों ने उनकी मौजूदगी पर तुरंत ध्यान दिया और कई लोगों ने उनकी खूबसूरती की तारीफ की। वहीं, नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी की भी खूब तारीफ हुई। दोनों की शालीनता ने अलग ही खबरें फैला दीं। अरशद वारसी की बेटी जेन के फोटोग्राफरों से बातचीत करते और रेड कार्पेट पर चलते हुए वीडियो जल्द ही वायरल हो गए। कई लोगों ने कमेंट सेक्शन में उनकी खूबसूरती और स्क्रीन प्रेजेंस की खूब तारीफ की। एक यूजर ने लिखा- हैंडसम पापा की ब्यूटीफुल बेटी, भगवान तुम्हें हमेशा खुश रखे। एक ने कमेंट किया- कितनी खूबसूरत है। एक तीसरे यूजर ने उनके भविष्य के बारे में कमेंट किया, उन्होंने पूछा- कब डेब्यू करने वाली है?? एकदम हॉट है। एक फैन ने लिखा- श्रद्धा कपूर की कॉपी मिल गई अब। वहीं, नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी शोरा सिद्दीकी को देखकर भी लोग दंग रह गए और उनकी खूबसूरती की खूब तारीफ की। शोरा पहले तो रेड कार्पेट पर आने में हिचक रही थीं, फिर उनके पिता नवाज उनके पास आए और समझाया। शोरा की खूबसूरती की तुलना सीधे ऐश्वर्या राय से हुई। पिछले साल नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने शोरा की एक्टिंग को लेकर खुलासा किया था।

रामायणमः यश बनेंगे अब तक के सबसे अनोखे रावण, शिव भक्त की दिखेगी छवि

नई दिल्ली। 'रामायणम' इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। फिल्म निर्माताओं ने हाल ही में लॉस एंजिल्स और मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में रणबीर कपूर के किरदार 'राम' का पहला टीजर जारी किया। फिल्म इंटरनेट पर चर्चा का विषय बन चुकी है, ऐसे में निर्देशक नितेश तिवारी ने बताया है कि उनकी फिल्म रावण को एक बड़े खलनायक के रूप में दिखाने के बजाय, अधिक लेयर्स में और मानवीय रूप में दिखाएगी। 'केजीएफ' स्टार यश फिल्म में रावण की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म निर्माता के अनुसार, यश का अभिनय न केवल रावण के बुरे पहलुओं को दिखाएगा, बल्कि भगवान शिव के प्रति उनकी भक्ति, संगीत का टैलेंट और एक सक्षम शासक के रूप में उनके गुणों को भी दिखाएगा- साथ ही यह भी दिखाएगा कि कैसे अहंकार और क्रोध अंत नें उसके पतन का कारण बनते हैं। लॉस एंजिल्स में फिल्म के टीजर लॉन्च के मौके पर बोलते हुए नितेश तिवारी ने कोलाइडर से कहा, 'देखिए, रावण के जीवन के कई पहलू थे। वह एक महान योद्धा था, एक कुशल संगीतकार था, एक विद्वान था, एक दयालु राजा था... एक महान शिव भक्त था।' रावण के इन सभी पहलुओं को दिखाना बहुत जरूरी है, क्योंकि इनमें एक बहुत सबक छिपा है। आपमें कितने भी अच्छे गुण हों, लेकिन अगर आप बदले की भावना और अहंकार से प्रेरित हैं, तो आप जानते हैं कि इसका अंत क्या होगा। इसी कार्यक्रम में रणबीर कपूर ने यश के रावण के किरदार में ढलने की तारीफ करते हुए उनकी दमदार प्रेजेंस की सराहना की। यश के पास बेशक स्टारडम है। रावण का किरदार निभाने के लिए ऐसे व्यक्ति की जरूरत होती है जिसमें वो औरा और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस हो। रावण के रूप में उन्हें देखना बहुत अलग है। मुझे लगता है कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर देखना पसंद करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि यश इस प्रोजेक्ट में निर्माता के तौर पर भी शामिल हैं। अप्रैल 2025 में अपनी भागीदारी के बारे में बात करते हुए उन्होंने वैरायटी को बताया, 'भारतीय सिनेमा को वैश्विक स्तर पर दिखाने वाली फिल्में बनाना मेरी लंबे समय से ख्वाहिश रही है।

पैसे कमाने और पहचान बनाने की चाह में बॉडी डबल के साथ सिनेमा में रखा था कदम

सेट पर निर्देशक को खुश करने के लिए चापलूसी की हदें कर दी थीं पार

नई दिल्ली। जितेंद्र के पिता की नकली जूलरी की दुकान थी, जो फिल्मों के सेट पर भी अपने नकली गहने बेचा करते थे। उस वक्त जितेंद्र सेट पर हर तरीके का काम करते थे और एक महीने की तनख्वाह 150 रुपए थी। एक्टर ने डायरेक्टर वी. शांताराम की चापलूसी की सारी हदें पार कर दी थीं।

जितेन्द्र के बारे में अनसुनी बातें

हिंदी सिनेमा में पहचान बनाने के लिए सभी को दिन-रात मेहनत करनी पड़ती है। किसी भी नए एक्टर को पहली फिल्म मिलना किस्मत के चमक जाने के जैसा होता है, लेकिन जितेंद्र के लिए यह घाटे का सौदा रहा था। मात्र 150 रुपए से फिल्मों में कदम रखने वाले जितेंद्र ने कभी नहीं सोचा था कि वे फिल्मों में काम करेंगे, लेकिन पैसे कमाने और पहचान बनाने की चाह में एक्टर ने बॉडी डबल के साथ हिंदी सिनेमा में कदम रखा था।



नकली जूलरी की दुकान : जितेंद्र के पिता की नकली जूलरी की दुकान थी, जो फिल्मों के सेट पर भी अपने नकली गहने बेचा करते थे। जितेंद्र भी अपने पिता के काम में हाथ बांटते थे। उन्होंने मुंबई के सेंट सेबेस्टियन गोअन हाई स्कूल में अपने दोस्त राजेश खन्ना के साथ पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने मुंबई के सिद्धार्थ कॉलेज से उन्होंने आगे की पढ़ाई की। हालांकि, वे बचपन से ही फिल्मों के शौकीन थे, लेकिन नहीं पता था कि गहने बेचने का काम ही हिंदी सिनेमा में कदम रखने का पहला रास्ता है।

चापलूसी करने से भी पीछे नहीं हटते थे

बहुत कम लोग जानते हैं कि जितेंद्र ने फिल्म 'सेहरा' के सेट पर हर तरीके का काम किया था। वे आर्टिस्ट का सारा काम करते थे और उनकी जरूरतों का ध्यान भी रखते थे। उस वक्त एक महीने की तनख्वाह 150 रुपए थी। इसी फिल्म के दौरान एक्टर ने वी. शांताराम को प्रभावित करने के लिए चापलूसी की सारी हदें पार कर दी थीं। खुद एक्टर ने स्वीकारा था कि निर्देशक को इम्प्रेस करने के लिए वो सेट पर चापलूसी करने से भी पीछे नहीं हटते थे।

सफल शुरुआत करने के बावजूद बुरा दौर देखा

हालांकि, 1970 के दशक की सफल शुरुआत करने के बावजूद जितेंद्र ने 1972 से 1973 तक काफी बुरा दौर देखा। इस बीच उनकी अधिकांश फिल्में एक हसीना दो दीवाने (1972), शादी के बाद (1972), यार मेरा (1972), रूप तेरा मस्ताना (1972), अनोखी अदा (1973) और गहरी चाल (1973) जैसी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर असफल रहीं ।

ऊंट पर छलांग लगा दी

उन्होंने बताया कि एक बार फिल्म में एक्ट्रेस संध्या को एक सीन करना था, जिसमें ऊंट पर कूदना था। निर्देशक ऐसे शख्स की तलाश में थे, जो यह सीन कर सके और बिल्कुल संध्या जैसा दिखे। वी. शांताराम को इम्प्रेस करने के लिए एक्टर ने सीन को करने के लिए हां कर दिया और ऊंट पर छलांग लगा दी। वो सीन सिर्फ पैसे के लिए नहीं किया था, बल्कि खुद को साबित करने के लिए किया था, जिसके बाद निर्देशक ने फिल्म 'गीत गाया पत्थरों ने' में लीड रोल दिया और तनख्वाह थी 100 रुपए। एक्टर ने बताया कि इस वक्त पैसे से फर्क नहीं पड़ता था, क्योंकि जितेंद्र को जितेंद्र बनाने वाले वी. शांताराम थे और उनकी की बदौलत सिनेमा में कदम रखा था।

धर्मवीर ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर रही : इसके बाद उन्हें भाई हो तो ऐसा (1972) और जैसे को तैसा (1973) जैसी फिल्मों से कुछ सफलताएं मिलीं और गुलजार के परिचय (1972) में उन्हें काफी तारीफ मिली। इसके बाद 1974 में एल.वी. प्रसाद की फिल्म बिदाई में लीना चंदावरकर के साथ नजर आए जो सुपरहिट रही। 1977 जितेंद्र के लिए कई सफलताओं से भरा एक बड़ा साल साबित हुआ। मनमोहन देसाई की शानदार फिल्म धर्मवीर ने उन्हें एक ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर दी।

खबर संक्षेप

स्कूलों में बुक, ड्रेस बेचने पर प्रतिबंधः डीईओ

सिरसा। शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए जिले के सभी गैर-राजकीय (प्राइवेट) विद्यालयों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता साईं ने बताया कि विभाग द्वारा जारी आदेशों के अनुसार, जिन निजी स्कूलों के पास स्थायी मान्यता या अनुमति नहीं है, उन्हें बंद करवाया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विभाग ने स्कूलों के अंदर बुक्स, ड्रेस या स्टेशनरी बेचने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने बारे भी निर्देश दिए हैं।

प्रजापति समाज को संगठित करना उद्देश्यः दलबीर सिंह

सिरसा। प्रजापति प्रोफेशनल्स और एग्जीक्यूटिव्स फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के राज्य प्रधान दलबीर सिंह ने कहा कि ट्रस्ट का उद्देश्य प्रजापति समाज को हर क्षेत्र में संगठित करना है। उन्होंने बताया कि 10 मई को हिसार में प्रजापति समुदाय व्यवसाय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रजापति समाज के सभी वर्ग बढ़ चढ़कर भाग लेंगे। इस मौके पर कुम्हार सभा के प्रधान कुंभाराम सिंहमार, अशोक वर्मा, प्रो. आरसी लिंबा, विजय वर्मा, राधेश्याम राजोरा, रामकुमार बबेरवाल, सुबेसिंह खटोड़, मदन वर्मा आदि मौजूद रहे।

गांव जलालआना में फ्री चिकित्सा शिविर लगाया

ओढां। शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल की ओर से गांव जलालआना में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 41 मरीजों की जांच कर उन्हें दवाइयां एवं उचित परामर्श दिया गया। डॉ. संदीप भादू ने कहा कि ब्लड प्रैशर व शुगर को लंबे समय तक अनदेखा न करें। समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाएं ताकि स्वास्थ्य की हानि न हो। उन्होंने कहा कि डिब्बा बंद व ज्यादा मीठे खाद्य पदार्थ खाने से परहेज करें, दिनचर्या में योगाभ्यास जरूर करें व डाइट में हरी सब्जियों का इस्तेमाल अधिक करें।

आत्महत्या मामले में वांछित महिला काबू

कालांवाली। पुलिस ने दहेज प्रताडऩा के चलते विवाहिता द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में वांछित आरोपी महिला को काबू किया है। कालांवाली थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि कालांवाली क्षेत्र के एक गांव मे विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। सूचना मिलते ही थाना कालांवाली पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए तथा मृतका के परिजनों के बयान दर्ज किए।

स्वास्थ्य अधिकारों के बारे किया जागरूक

सिरसा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिरसा द्वारा मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान डिप्टी एल.ए.डी.सी. कवलजीत सिंह गिल ने सिविल अस्पताल सिरसा व डिप्टी एलएडीसी वंदना मोंगा ने जिला जेल में कानूनी जागरूकता शिविर में उपस्थित लोगों को संविधान के अनुच्छेद 21 (राइट टू लाइफ) के तहत मिलने वाले स्वास्थ्य संबंधी अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

नांदेड़ सहिब की यात्रा के लिए पंजीकरण 15 तक

सिरसा। हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्री हजूर साहिब नांदेड़, महाराष्ट्र के लिए 5 मई को कुरुक्षेत्र से विशेष ट्रेन रवाना होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस ट्रेन को झंडी दिखाकर प्रदेश के विभिन्न जिलों से जाने वाली संगत को रवाना करेंगे। योजना अनुसार वरिष्ठ नागरिक, जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है और उनकी पारिवारिक आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है, वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। योजना का लाभ उठाने के लिए सरल हरियाणा पोर्टल पर आगामी 15 अप्रैल तक पंजीकरण किया जा सकता है।

महंगाई और ऊर्जा संकट के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान

संयुक्त बैठक में कर्मचारी, किसान व महिला संगठनों का फैसला

युद्ध के विरोध में विभिन्न संगठन आज करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, सीटू, रिटायर्ड कर्मचारी संघ, जनवादी महिला समिति, हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति व किसान सभा आदि संगठनों की संयुक्त बैठक मंगलवार को रोडवेज बस डिपो यूनियन कार्यालय में हुई। बैठक में निर्णय लिया कि सभी संगठन संयुक्त रूप से एक सेमिनार आयोजित करेंगे। साम्राज्यवाद एवं युद्ध विरोधी अभियान के तहत 8 अप्रैल को फायर विभाग में सेमिनार आयोजित कर अनाजमंडी तक प्रदर्शन किया जाएगा। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान मदनलाल खोथ, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अशोक पटवारी तथा अखिल भारतीय किसान सभा के नेता हमजिंद्र ने कहा कि अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर थोपा गया युद्ध पूरी दुनिया के लिए गंभीर खतरा बन चुका है।

सिरसा। सर्व कर्मचारी संघ की बैठक में भाग लेते पदाधिकारी व कर्मचारी।

गाजा और फिलिस्तीन में नागरिकों की मौत पर जताई चिंता : इजराइल द्वारा अमेरिका के समर्थन से फिलिस्तीन और गाजा में जारी हमलों में लगभग 80 हजार नागरिकों की मौत हो चुकी है और अब ईरान में भी इसी प्रकार की तबाही मचाई जा रही है। वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से जारी युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट गहराता जा रहा है, जिससे महंगाई बढ़ रही है और आम मेहनतकश जनता पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत भी इस स्थिति से अछूता नहीं है।

विदेश नीति पर सवाल उठाए

भारत सरकार की विदेश नीति पर सवाल उठाते हुए वक्ताओं ने कहा कि सरकार का रुख अमेरिका और इजराइल के पक्ष में झुका हुआ दिखाई देता है, जो देश की स्वतंत्र विदेश नीति के विपरीत है। बैठक में आह्वान किया गया कि देश के सभी नागरिक, कर्मचारी, किसान, मजदूर और जनसंगठन साम्राज्यवाद और युद्ध के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करें तथा शांति, लोकतंत्र और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए आगे आएं। बैठक में महेंद्र शर्मा, सुरजीत सिंह बेदी, किशोरी मेहता, मदनलाल कंबोज, अविनाश कंबोज, पासी, मीत, ललित सोलंकी, सुखदेव जम्मू, लता रानी, शिमला रानी, एडवोकेट बलवीर कौर गांधी, रमेश वर्मा, अमरजीत बराड़, सुरेश कुमार, सुमित कुमार, राजेश भाकर, नरेश कुमार चौहान, बलवंत सरवटा, डॉ. हररतन गांधी, मास्टर वीर सिंह सहित अनेक कर्मचारी नेता मौजूद थे।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हुई योग गतिविधियां

सिरसा। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन महाविद्यालय में रैड रिबन क्लब की तरफ से योग गतिविधियों का आयोजन हुआ। प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने कहा कि योग एक ऐसी जीवनशैली है जो हमें शारीरिक, मानसिक और आत्मिक रूप से सशक्त बनाती है। इसके बाद विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में भाग लिया। योग सत्र में ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासना तथा त्रिकोणासना जैसे विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया। साथ ही अलोम-विलोम और कपालभारती प्राणायाम भी करवाए गए, जिससे विद्यार्थियों को मानसिक शांति और एकाग्रता प्राप्त हुई। अंत में कुछ समय के लिए ध्यान कराया गया। समापन पर सभी को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया गया।

इ्यूटी में लगे शिक्षक, कक्षाओं का संचालन हो रहा प्रभावित

स्कूली शिक्षा पर 'जनगणना' का साया पढ़ाई हुई ठप, सड़कों पर उतरे विद्यार्थी

फतेहाबाद। डीसी डॉ. विवेक भारती से बातचीत करते भूथनकलां के ग्रामीण। डीसी से मिलने आए गांव भूथनकलां के विद्यार्थी।

छात्रों– अभिभावकों ने उपायुक्त को सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

एक ओर सरकार 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और 'शिक्षित राष्ट्र' का नारा बुलंद कर रही है, वहीं दूसरी ओर धरातल पर स्कूली शिक्षा व्यवस्था बदहाल नजर आ रही है। जिले के भूथन कलां गांव के सरकारी स्कूल के विद्यार्थी आज अपने भविष्य की चिंता में सड़कों पर उतर आए। स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों और अभिभावकों के साथ बड़ी संख्या में छात्र उपायुक्त से मिलने पहुंचे और एक मांग पत्र सौंपा। छात्रों और अभिभावकों का आरोप है कि स्कूल खुलने के साथ ही अधिकांश शैक्षणिक स्टाफ की ड्यूटी जनगणना कार्य में लगा दी गई है। इसके चलते स्कूल में कक्षाओं का संचालन पूरी तरह ठप हो गया है। आठवीं कक्षा के एक छात्र ने बताया कि उनके स्कूल में शिक्षकों की भारी कमी हो गई है। बोर्ड की परीक्षाओं की तैयारी प्रभावित हो रही है और स्कूल की घंटी तो बजती है, लेकिन पढ़ाने वाला कोई नहीं है। अभिभावकों का कहना है कि अगर शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों में ही उलझाए रखा जाएगा, तो सरकारी स्कूलों में पढऩे वाले गरीब बच्चों का भविष्य अंधकार में डूब जाएगा। छात्रों ने कहा कि हम यहां पढऩे आए हैं, जनगणना करने नहीं। हमारे गुरुजी को वापस बुलाओ ताकि हम अपना सिलेबस पूरा कर सकें।

उन्होंने मांग की है कि शिक्षकों की ड्यूटी तुरंत रद्द की जाए और उन्हें वापस स्कूल भेजा जाए। एसएमसी सदस्यों ने बताया कि 12वीं तक के इस स्कूल में 20 अध्यापक कार्यरत है। इन अध्यापकों की ड्यूटी जनगणना में लगा दी गई है। स्कूल का पूरा स्टाफ दूसरे कार्यों में लगा हुआ है, इस कारण पढ़ाई रूक गई है।

खेल नर्सरी को भी मिले मान्यता

प्रदर्शन के दौरान एक और गंभीर मुद्दा सामने आया। छात्रों ने बताया कि उनके गांव में 2025-26 सत्र के लिए स्व. कुमारी प्रतिज्ञा कबड्डी सेंटर, भूथन कलां को खेल नर्सरी की मान्यता नहीं मिली है। छात्रों के अनुसार, भूथन कलां गांव खेलों में काफी आगे रहा है। गांव के बच्चों ने कबड्डी और एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों ने उपायुक्त से पूछा कि आखिर ऐसी क्या कमी रह गई कि इस बार उन्हें खेल नर्सरी से वंचित रखा गया। उन्होंने खेल नर्सरी की बहाली की पुरजोर मांग की ताकि युवा खिलाड़ी अभ्यास जारी रख सकें। विद्यार्थियों और ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर शिक्षा समिति प्रधान कृष्ण ज्याणी, सह-सचिव ओमप्रकाश बिडलान, एसएमसी प्रधान ओमप्रकाश कुलडिया, पवन भूथन, सुबे सिंह, ज्वाला सिंह, सुरेंद्र, विनोद, कुलदीप, राममूर्ति सहित भारी संख्या में ग्रामीण और स्कूल के छात्र उपस्थित रहे।

सिरसा। जिला प्रशिक्षण केंद्र में आशा वर्कर्स को एचपीवी वैक्सीन के बारे में जागरूक करते हुए।

एचपीवी वैक्सीन के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सिरसा की शाखा आओ गांव चले ने हेल्थ डिपार्टमेंट के साथ मिलकर ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर और एचपीवी वैक्सीन के बारे में आशा वर्कर्स को जिला प्रशिक्षण केंद्र में जागरूक किया। डॉ. दिव्या तलवार ने सर्विक्स कैंसर के बारे में, डॉ. मनीष सिंगला ने ब्रेस्ट कैंसर और डॉ. जतिन ने एचपीवी वैक्सीन के बारे में बिल्कुल सरल भाषा में आशा वर्कर्स को जागरूक किया, ताकि वे अपने क्षेत्र में आम लोगों में यह जागरूकता फैला सकें और इनके प्रिवेंशन, शुरूआती निदान से तुरंत उपचार हो सके। उन्होंने बताया कि एचपीवी वैक्सीन जो सर्वाइकल कैंसर को रोकती है। 14-15 वर्ष की उम्र की लड़कियों के लिए सिंगल डोज वैक्सीन और 3 माह के लिए सरकार ने रूटीन इम्यूनाइजेशन अभियान में शामिल किया है। यह वैक्सीन 2006 से 125 देशों में पहले ही लगाई जा रही है। भारत में भी 10 साल से प्राइवेट सेक्टर में लगाई जा रही है। अब यह सरकार के इम्यूनाइजेशन शेड्यूल में हर केंद्र पर लगाई जा रही है।

जागरूक करना उद्देश्य

उन्होंने बताया कि आईएमए और स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य कैंसर के प्रति जागरूक करना और बच्चों में एनीमिया रोकथाम है। इसके लिए जिले के मॉडल स्कूलों में बच्चों को एनीमिया रोकथाम के बारे में बताया जाएगा। इस मौके पर आओ गांव चले की संरक्षक डॉ. अर्चना अग्रवाल, अध्यक्ष डॉ. गार्गी मुंजाल और डीआईओ डॉ. आशा जिंदल आदि मौजूद थे।

सीएमके की छात्राओं ने किया कॉलेज का नाम रोशन

सिरसा। सीएमके नेशनल कालेज की छात्राओं ने विश्वविद्यालय मेरिट सूची में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है। एमए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा ममता ने मेरिट सूची में 9वां स्थान तथा एमए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा आरजू ने 6वां स्थान प्राप्त किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर प्राचार्या अंशु ने छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

एसडीएम आकाश शर्मा ने बायोमेट्रिक व गेट पास प्रणाली का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना

एसडीएम आकाश शर्मा ने मंगलवार को अतिरिक्त अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडी में चल रही गेहूं खरीद प्रक्रिया की बारीकियों को देखा और किसानों व आढ़तियों से बातचीत कर व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। एसडीएम ने विशेष रूप से बायोमेट्रिक उपस्थिति और गेट पास काटने की प्रक्रिया की जांच की, ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी भी प्रकार की तकनीकी देरी का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने मार्केट कमेटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बायोमेट्रिक सिस्टम सुचारू रूप से कार्य करना चाहिए ताकि किसान का डेटा तुरंत सत्यापित हो सके। उन्होंने गेट पास खिडक़ी पर तैनात कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी कि मंडी की सीमा में प्रवेश करने वाले प्रत्येक किसान को बिना किसी देरी के गेट पास उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता और गति प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। एसडीएम ने मंडी में अनाज के उठान की स्थिति का भी जायजा लिया।

टोहाना। अनाज मण्डी में बायोमेट्रिक प्रणाली का निरीक्षण करते एसडीएम।

किसान संगठनों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

सिरसा। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसान संगठनों ने मंगलवार को सिरसा के लघु सचिवालय में फसल खरीद पर लगाई गई बेतुकी शर्तों और नए नियमों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। किसान रघुबीर सिंह नकौड़ा, इकबाल सिंह, डा. सुखदेव सिंह आदि ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा फसलों की खरीद के लिए लगाई गई शर्तों और नए नियमों के कारण किसान परेशान हैं। बायोमेट्रिक वेरीफिकेशन, ट्रैक्टर रजिस्ट्रेशन, ओटीपी और पोर्टल के न खुलने व नेटवर्क की समस्या किसानों के लिए जी का जंजाल बन गए हैं। गेटपास बनवाने में एक किसान का आधा घंटा लग जाता है। अंगूठे से पहचान नहीं हो पा रही है। सब किसानों के पास अपने ट्रैक्टर नहीं हैं।

क्रेसंट स्कूल में विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए किया प्रेरित

■ स्कूल में 'स्वास्थ्य के लिए एकजुट' थीम पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

क्रेसंट स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस 'स्वास्थ्य के लिए एकजुट' थीम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन सौम्या इशाना ने स्वस्थ तुम, प्रसन्न तुम - जीवन का यह मूल मंत्र, एक सुंदर कविता का सस्वर वाचन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एक शिक्षाप्रद एवं रोचक नाटक रहा, जिसमें सुकृति, तन्वी, रिद्धिमा, चित्रकाही, रित्वि, रावी, इशाना, आरवी, तक्षय, ईशान, पूर्वशी एवं विशेष ने अपनी-अपनी सहभागिता के माध्यम से अस्वास्थ्यकर भोजन के दुष्प्रभाव एवं स्वस्थ आदतों के महत्व को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने संदेश दिया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है।

सिरसा। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेती प्रतिभागी।

26 लाख रुपये की हेरोइन सहित दो तस्कर गिरफ्तार

सिरसा। पुलिस ने नशा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सिरसा जिले क्षेत्र से दो तस्करों को करीब 26 लाख रुपये की हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 135 ग्राम हेरोइन पकड़ी है। कालांवाली सीआईए प्रभारी सुरेश कुमार ने मंगलवार को बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान सिरसा निवासी धर्मेंद्र व जसविंद्र सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान कालांवाली से गांव तारुआना की तरफ जा रही थी। कालांवाली के हुडा सेक्टर पर एक कार खड़ी दी जो कि चालक ने पुलिस को देखकर कार भागने की कोशिश की। पुलिस ने कार का पीछा कर कार चालक को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर कार से 129 ग्राम हेरोइन मिली, जिसकी बाजारी कीमत करीब 26 लाख रुपये आंकी गई है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने बड़ागुढ़ा की अनाज मंडी युवक को हजारों रुपए की छह ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान जसविंद के रूप में हुई है। सीआईए कालांवाली पुलिस ने लाखों रुपये की 28 ग्राम हेरोइन बरामदगी मामले में मुख्य सप्लायर तरणपाल सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बीते दिवस अमृतपाल को 28 ग्राम हेरोइन सहित पकड़ा था। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे तरणपाल हेरोइन सप्लाई की थी।

गांव दादूपूर में हुई प्रतियोगिता, विजेताओं को किया पुरस्कृत

हांडीखेड़ा ने जीता कास्को क्रिकेट टूर्नामेंट, मढ़ दादू टीम उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

गांव दादूपुर में आयोजित 19वां विशाल कास्को क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन हुआ। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स क्लब, दादूपुर द्वारा ग्राम पंचायत के सहयोग से आयोजित इस खेल महाकुंभ में क्षेत्र की बेहतरीन टीमों ने अपना कौशल दिखाया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें हांडीखेड़ा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। वहीं, मढ़ दादू (पंजाब) की टीम ने कड़ा संघर्ष किया और प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पर रही। विजेता टीम को 41 हजार रुपये व ट्राफी और उपविजेता टीम को 21 हजार रुपये की नकद राशि व चमचमाती ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान अपने बल्ले और गेंद से प्रभावित करने वाले खिलाडिय़ों कार्तिक सिरसा, फकड़ झंडी टीम व लारा हांडीखेड़ा टीम को मैन ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख समाजसेवी बलविन्द्र बलियाला, पूर्व सरपंच सुरेश कुमार झांब और सरपंच प्रतिनिधि अनिल बिश्नोई ने शिरकत की। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं, बल्कि इनसे आपसी भाईचारा भी बढ़ता है।

रतिया। गांव दादूपुर में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते अतिथिगण।

दर्शकों का किया मनोरंजन

इस अवसर पर पूर्व सरपंच यादवीर सिंह, पूर्व सरपंच राधेश्याम खिचड़, डॉ. सुनील बिश्नोई और सरपंच जसप्रीत सिंह सहित कई विशिष्ट हस्तियां उपस्थित रहीं। टूर्नामेंट को सफल बनाने में कमेटी सदस्यों और ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा। कमेटी सदस्यों धौलूराम गोदारा, कृष्ण गोदारा, साहब राम सहारण, गुरजीत सिंह, मांगेराम भाम्भू और साधुराम सुथार ने सभी आए हुए मेहमानों का स्वागत किया। इस अवसर पर पंच सुभाष गोदारा, रविन्द्र गोदारा, अमरीक सिंह, संदीप कड़ेला, राजेश भाम्भू सहित भारी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। खिलाड़ियों के लिए डॉ. जगतार (विलेज ढाणी दादूपुर) की ओर से निशुल्क मेडिकल सेवा प्रदान की गई। मंच संचालन और कमेंट्री की जिम्मेदारी अजय और मानविन्द्र ने बखूबी निभाई, जिन्होंने अपने अंदाज से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

खबर संक्षेप

चोरी के मामले में पुलिस ने युवक को पंजाब से दबोचा

फतेहाबाद। गांव शेखुपुर दड़ौली में हुई चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए भट्टूकलां पुलिस ने पंजाब से एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमीर खान पुत्र बिट्टू सिंह निवासी दिड़बा, जिला संगरूर के रूप में हुई है। थाना भट्टू कलां प्रभारी उप-निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि पुलिस ने इस बारे 26 सितंबर 2025 को मामला दर्ज किया था। गांव शेखुपुर दड़ौली निवासी बलवंत ने पुलिस को दी शिकायत में कहा था कि वह अपने परिवार सहित खेत में काम करने गए थे, जब दोपहर को वापस लौटे तो घर के ताले टूटे हुए थे।

नाबालिग से गलत काम करने वाला आरोपी काबू

फतेहाबाद। एक नाबालिग लडक़ी को बहला-फुसलाकर ले जाकर गलत काम करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान एकलव्य उर्फ बिट्टू पुत्र इंद्रजीत निवासी गुरुनानकपुरा मोहल्ला, फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरिक्षक सुरेन्द्रा ने बताया कि शिकायतकर्ता ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसकी नाबालिग बेटी को नामजद आरोपी बहला फुसलाकर कहीं ले गया है । जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई करते हुए नाबालिग लडकी को तलाश लिया।

मुनीम सोसायटी के अध्यक्ष ने घोषित की नई कार्यकारिणी

रतिया। भाईचारा मुनीम सोसायटी रतिया की बैठक मण्डी में हुई। बैठक में प्रधान नरोतम गर्ग ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की। इससे पहले पूर्व प्रधान विनीत भाटिया एवं पूर्व कार्यकारिणी के सदस्यों ने प्रधान नरोतम गर्ग को सभी आवश्यक दस्तावेज सौंपते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। नई कार्यकारिणी में सतपाल मोंगा को वरिष्ठ उपप्रधान, संदीप मुंड को महासचिव और गुरप्रीत सिंह को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अलावा उपप्रधान के रूप में मुनीश मित्तल, सुनील कुमार और सुल्तान शाक्या को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

16 अप्रैल से शुरू होगा स्व-गणना पंजीकरण

फतेहाबाद। जनगणना को अधिक सटीक, पारदर्शी और सहभागी बनाने की दिशा में प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में 16 अप्रैल से स्व-गणना के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की जाएगी। नागरिक 30 अप्रैल तक पंजीकरण कर सकते है। सीटीएम गौरव गुप्ता ने बताया कि सरकार द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए स्व-गणना पोर्टल 16 अप्रैल से खोला जाएगा, जहां नागरिक स्वयं अपना पंजीकरण कर सकेंगे। यह पंजीकरण प्रक्रिया 30 अप्रैल तक जारी रहेगी।

चूरापोस्त बरामदगी मामले में मुख्य सप्लायर पकड़ा

फतेहाबाद। मादक पदार्थ तस्करी के एक मामले में थाना सदर फतेहाबाद की टीम ने मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शेर सिंह उर्फ शेरा पुत्र आत्मा राम, निवासी मुलापुर, जिला हिसार के रूप में हुई है। थाना सदर प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने जानकारी देते हुए बताया कि 4 अप्रैल 2024 को पुलिस टीम ने बड़ोपल-कुम्हारिया रोड पर नाकाबंदी के दौरान एक सफेद रंग की कार को काबू किया था। कार की तलाशी लेने पर पिछली सीट और डिग्गी से 5 प्लास्टिक कट्टों में कुल 60 किलोग्राम चूरा पोस्त बरामद हुआ था। जिस पर थाना सदर फतेहाबाद में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज कर कार चालक अनूप कुमार निवासी ढाणी बड़ोपल को गिरफ्तार किया था।

उपनिरीक्षक कुलदीप बने निरीक्षक

फतेहाबाद। पुलिस विभाग में उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन एवं निरंतर बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए उपनिरीक्षक कुलदीप को निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने उन्हें बधाई दी तथा स्टार लगाकर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक ने इस मौके पर कहा, कुलदीप जैसे समर्पित और ईमानदार अधिकारी हमारे विभाग की बड़ी ताकत हैं। उनके उत्कृष्ट कार्य और अनुशासन ने इस पदोन्नति को पूरी तरह सार्थक बनाया है। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि वे अपनी नई जिम्मेदारियों का निर्वहन भी पूरी निष्ठा और तत्परता के साथ करेंगे। पदोन्नत अधिकारी कुलदीप ने पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें भविष्य में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी कुलदीप को बधाई दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

जिले की एकमात्र टोहाना अनाज मण्डी में हुई 4271 क्विंटल गेहूं की सरकारी खरीद

फतेहाबाद में अब तक 2960 किसानों के कटे गेट पास

1.92 लाख क्विंटल गेहूं की आवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद। मण्डी में आया गेहूं।

प्रदेश सरकार ने गेहूं की सरकारी खरीद एक अप्रैल से शुरू कर दी थी लेकिन मौसम की मार व आंधी-तूफान के चलते किसान अभी तक गेहूं की कटाई भी शुरू नहीं कर पाए। हालांकि कुछ अगेती किस्म की गेहूं मंडियों में आनी शुरू हो गई है। मंगलवार तक जिले की सभी 7 मंडियों व 44 खरीद केन्द्रों पर 1 लाख 92 हजार 365 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। इसके लिए 2960 किसानों के गेट पास कट चुके हैं। मंगलवार तक जिले की एकमात्र टोहाना अनाज मण्डी में ही गेहूं की खरीद हो पाई है। यहां सरकारी खरीद एजेंसी ने 4271 क्विंटल गेहूं की खरीद की है। अब मौसम विभाग ने आज से दो दिन तक यैलो अलर्ट जारी कर रखा है। जिसके तहत किसानों को सलाह दी गई है कि जिन किसानों ने फसल कटाई शुरू नहीं की, वह अभी दो-तीन दिन कटाई न करें।

मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते आंधी, बारिश व ओलावृष्टि की चेतावनी दे रखी हैं। जिसके चलते किसान भी गेहूं कटाई को हाथ लगाने से बच रहे हैं। ऊपर से जो किसान मंडियों में गेहूं ला चुके हैं, उसके भिगने का खतरा बना हुआ है। यहां तक कि व्यापार मंडल ने भी आढ़तियों व किसानों को सलाह दी है कि या तो वह गेहूं को शैड के नीचे रखे या तिरपाल का प्रबंध करें। इस बार गेहूं कटाई में भी अभी समय लग रहा है। किसानों का मानना है कि अगर तेज आंधी व बारिश आती है तो गेहूं की फसल खराब होने से नहीं रोकी जा सकती।

खरीद केंद्रों से गेहूं की फसल का उठान जारी

जिला की विभिन्न मंडियों व खरीद केंद्रों में गेहूं की आवक जारी है। जिला की विभिन्न अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में अब तक 1 लाख 92 हजार 365 क्विंटल गेहूं की आवक हुई है। किसानों से अपील है कि वे अपनी गेहूं की फसल को सुखाकर तथा साफ करके ही मंडियों में लेकर आए ताकि खरीद एजेंसियों द्वारा गेहूं को सरकारी हिदायतोंनुसार मौके पर ही खरीदा जा सके। मंडियों तथा खरीद केंद्रों से गेहूं की फसल का उठान भी जारी है। अधिकारियों व एजेंसी को निर्देश दिए गए हैं कि वे अनाज मंडियों में खरीदी गई फसल का जल्द से जल्द उठान सुनिश्चित की जाए ताकि मंडियों में किसी तरह का जाम न लगने दें। इसके साथ ही किसानों की खरीदी गई फसल का भुगतान भी निर्धारित समयावधि में किया जाए।

-कुशल बूरा, डीएफएससी फतेहाबाद

विवरण

मण्डी	गेटपास	गेहूं की आवक
फतेहाबाद	327	20695
भट्टू	539	23428
भूणा	1074	77055
रतिया	172	11389
टोहाना	682	47831
जाखल	29	2677
धारसूल	137	92900
कुल	2960	192365

अनाज मंडियों में फसली सीजन को लेकर पुलिस का पहराः एसपी

सिरसा की अनाज मंडी में तैनात पुलिस कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज. सिरसा। सिरसा के पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि फसली सीजन के मद्देनजर जिले की अनाज मंडियों में सुरक्षा के व्यापक और सख्त प्रबंध किए गए हैं। मंडियों में पुलिस जवानों की तैनाती कर दी गई है। साथ ही एसपी ने थाना प्रभारियों को निर्देश जारी किए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र की अनाज मंडियों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए पूरी सतर्कता बरतें। उन्होंने बताया कि फसल की आवक और सरकारी खरीद प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसके चलते आने वाले दिनों में फसलों की आवक तेज होगी। किसानों और व्यापारियों के बीच बड़ी मात्रा में नकद लेन-देन होता है, जिससे असामाजिक तत्वों के सक्रिय होने की संभावना बढ़ जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला पुलिस द्वारा सभी प्रमुख अनाज मंडियों और खरीद केंद्रों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया गया है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि प्रत्येक अनाज मंडी के आसपास पुलिस टीमें तथा मोटरसाइकिल राइडर लगातार गश्त करेंगी। इसके अलावा, संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। मंडियों के आसपास नाकाबंदी कर आने-जाने वाले व्यक्तियों की जांच की जा रही है, ताकि किसी भी आपराधिक गतिविधि को समय रहते रोका जा सके।उन्होंने यह भी बताया कि सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों और थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे नियमित रूप से मंडियों का दौरा करें, सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लें और समय-समय पर उनकी समीक्षा करें।

फसल मिसमैच से संबंधित मामलों का जल्द करें सत्यापन

फतेहाबाद। बैठक में मौजूद डीसी डॉ. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि

- डीसी ने गेट पास कटने के बाद 100 प्रतिशत बायोमेट्रिक सत्यापन करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला में फसल मिसमैच से संबंधित सभी मामलों का शीघ्र सत्यापन किया जाए और डेटा का सही मिलान सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अनाज मंडियों में किसी प्रकार की कमी या अव्यवस्था न रहे तथा सभी खरीद केंद्रों पर व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हों। यह निर्देश डीसी डॉ. विवेक भारती ने मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित वीसी सभागार में अधिकारियों को दिए। इससे पूर्व मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एलपीजी सिलेंडर, एलपीजी/ पीएनजी वितरण, फसल उठान व अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की।

फसल खरीद व्यवस्था पूरी तरह सामान्य

वीसी उपरांत डीसी डॉ. विवेक भारती ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में गैस आपूर्ति एवं रबी फसल खरीद व्यवस्था पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। डीसी ने कहा कि गेहूं की खरीद के साथ-साथ लिफ्टिंग व अनलोडिंग कार्य तेजी से किया जाए, ताकि मंडियों में जगह की कमी न हो और नई फसल की आवक प्रभावित न हो। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों का गेट पास कटने के बाद बायोमेट्रिक सत्यापन 100 प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए, जिससे खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। डीसी ने खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि किसानों की उपज का भुगतान निर्धारित समय सीमा में सीधे उनके बैंक खातों में किया जाए, ताकि उन्हें किसी आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े।

पंचायत ने प्रतिभावान छात्र किए सम्मानित

- छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में रंग जमाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

भूना। प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

शहीद बलवंत राय राजकीय उच्च विद्यालय जांड़ली खुर्द में ग्राम पंचायत की ओर से प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गांव के सरपंच बलवंत सिंह पूनिया और पंचायत समिति चेयरमैन महेंद्र सिंह सोढ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं जिला परिषद सदस्य गगन गोदारा और एसएमसी प्रधान सुनील कुमार विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रिंसिपल कुलदीप सिंह रेड्डु ने की। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में रंग जमाया। स्कूल के अंग्रेजी अध्यापक सुनील दत्त शर्मा ने बताया कि विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पंचायत की ओर से सम्मानित किया गया। इससे बच्चों का मनोबल बढ़ेगा और वे आगे भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होंगे। एनएमएमएस परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थी नैंसी, समर, रिया, सलेंद्र कुमार और खुशी को ग्राम पंचायत की ओर से नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल ने सभी अतिथियों का आभार जताया और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

50 मिनट की कार्रवाई में 11 रेहड़ियां जब्त

- हंस मार्केट व बस स्टैंड के पास अतिक्रमण पर कार्रवाई, 40 दुकानों का सामान उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶|फतेहाबाद

शहर की मुख्य सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर मंगलवार को नगर परिषद और ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त रूप से सख्त कार्रवाई की। करीब एक घंटे तक चले अभियान के दौरान हंस मार्केट और बस स्टैंड के सामने सड़क किनारे खड़ी 11 रेहड़ियों को जब्त किया गया, जबकि करीब 40 दुकानों के बाहर रखा सामान भी नगर परिषद की टीम ने उठा लिया। अतिक्रमण के कारण इस क्षेत्र में अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती थी, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इसी समस्या को देखते हुए नगर परिषद और ट्रैफिक पुलिस की टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर सड़क पर फैले अवैध कब्जों को हटाया। सुबह करीब 10 बजे नगर परिषद के सचिव गोविंद कुमार, सेनेटरी इंस्पेक्टर महेश कुमार और ट्रैफिक पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने सड़क और फुटपाथ पर रखे सामान को हटवाते हुए कई जगहों से जब्ती की कार्रवाई की।

दुकानदारों में मची अफरा-तफरी

अभियान की सूचना मिलते ही आसपास के दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई और कई लोगों ने तुरंत अपना सामान अंदर कर लिया। हालांकि कार्रवाई खत्म होने के कुछ समय बाद ही कई स्थानों पर फिर से अतिक्रमण होने लगा, जिससे समस्या के स्थायी समाधान की जरूरत महसूस हो रही है। इस बीच डीएसपी प्रणय कुमार ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्य सड़कों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

डिवाइन इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न, मेधावी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फतेहाबाद। परीक्षाओं में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक कमेटी सदस्य।

नेशनल हाईवे सिरसा रोड स्थित डिवाइन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं परिणाम घोषणा समारोह बड़े उत्साह, हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नवीन प्रबंधन सदस्यों का विद्यार्थियों और अभिभावकों से परिचय भी कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मधुर सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय की प्रिंसीपल जितेन्द्र कौर और स्कूल प्रशासक सुमन टुटेजा ने आए हुए अतिथियों व अभिभावकों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक और खेलकूद के क्षेत्र में अर्जित की गई उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ग्राम पंचायत अकांवाली के सरपंच मोहन गढ़वाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान प्राप्त करने का साधन नहीं है, बल्कि यह चरित्र निर्माण और बेहतर भविष्य की नींव है। आज के प्रतिस्पर्धी युग में केवल वही समाज आगे बढ़ सकता है जो शिक्षित है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे तकनीक और आधुनिकता के साथ-साथ अपने नैतिक मूल्यों को भी संजोकर रखें।

राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा में जल्लोपुर की ललिता को मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया।

रतिया। आरोही स्कूल में छात्रा ललित को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

- आरोही स्कूल में ललिता को किया सम्मानित

प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती और जब मेहनत को सही मार्गदर्शन मिलता है, तो सफलता निश्चित रूप से कदम चूमती है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है आरोही मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जल्लोपुर की कक्षा आठवीं की छात्रा ललिता ने। ललिता ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण कर न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे गांव का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। इस गौरवशाली उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान छात्रा ललिता का फूलमालाओं, मोमेंटो एवं विशेष पुरस्कार देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सरपंच मांगेराम, एसएमसी प्रधान चंद्रशेखर तथा विद्यालय प्रभारी व प्रिंसिपल अंशुल कुमार ने संयुक्त रूप से छात्रा को सम्मानित किया।

खेलों में सफलता अभ्यास से नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से किए गए प्रशिक्षण से संभव

खेलों के वैज्ञानिक सिद्धांतों पर दिया विस्तार व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिरसा

सिरसा। सेमिनार को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के यूनिवर्सिटी स्कूल फॉर ग्रेजुएट स्टडीज द्वारा बीएससी. शारीरिक स्वास्थ्य एवं खेल शिक्षा के विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय परिसर स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम भवन के सेमिनार हॉल में खेल प्रशिक्षण के वैज्ञानिक सिद्धांत विषय पर एक विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, पाली (महेंद्रगढ़) के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रो. रविंद्रपाल अहलावत ने खेल प्रशिक्षण के वैज्ञानिक पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक प्रतिस्पर्धी खेलों में सफलता केवल कड़े अभ्यास से नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से किए गए प्रशिक्षण से संभव है। उन्होंने प्रशिक्षण के प्रमुख सिद्धांतों प्रगतिशील भार, व्यक्तिगत अंतर, विशिष्टता तथा पुनर्प्राप्ति को सरल और व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया।

व्याख्यान छात्रों के विकास में महत्वपूर्णः डॉ. विजय

अध्यक्षता करते हुए यूएसजीएस के डीन प्रो. मोहम्मद काशिफ किदवई ने बताया कि यह आयोजन विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. विजय कुमार के दिशा निर्देशन में किया गया और ऐसे व्याख्यान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम से इतर नवीनतम वैज्ञानिक जानकारियों और व्यवहारिक अनुभवों से जोड़ते हैं, जो उन्हें भविष्य के सफल खेल प्रशिक्षक और शारीरिक शिक्षाविद बनने में सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वय प्राध्यापक डॉ. शमशेर कासनिया द्वारा किया गया। व्याख्यान के अंत में आयोजित प्रश्नोत्तरी सत्र में विद्यार्थियों ने विभिन्न जिज्ञासाएं रखीं, जिनका प्रो. अहलावत ने सहज एवं प्रभावशाली ढंग से समाधान किया। इस अवसर पर डॉ. राजेश, डॉ. जगदीश भादू, डॉ. मनीष बेनीवाल, डॉ. नवीन, डॉ. सूरज सहित अनेक विद्यार्थी मौजूद रहे।

फतेहाबाद व रतिया में पकड़े 5 नशा तस्कर

फतेहाबाद। नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए जिला पुलिस ने तीन अलग-अलग जगहों से पांच युवकों को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पहले मामले में थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश ने बताया कि पुलिस टीम नशीले पदार्थों की रोकथाम के उद्देश्य से साधनवास भाखड़ा नहर पुल के समीप मौजूद थी। इसी दौरान सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर नाकाबंदी की। कुछ ही समय बाद एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए, जिन्होंने पुलिस को देखकर वापस मुड़ने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम ने तत्परता से दोनों को काबू कर लिया। आरोपियों की पहचान आशु कुमार पुत्र जगदीश सिंह निवासी हांडा तथा प्रवीन कुमार उर्फ बिट्टू पुत्र प्रीतम सिंह निवासी चुलहड़ कला के रूप में हुई।